I/88887/2023

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 256–। दिनांक 25.08.2023 द्वारा श्रीमती शिखा दूबे, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01161) के विरूद्ध दिनांक 01.06.2023 से प्रतिवेदित तिथि तक अनाधिकृत अनुपस्थित रहने की सूचना दी गयी है। प्राप्त सूचना के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 8280 दिनांक 29.09.2023 द्वारा अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के विरूद्ध इनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि ये कार्य पर योगदान करने में असमर्थ हैं एवं त्याग पत्र स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है।

इनके अनुरोध के आलोक में अवकाश पर प्रस्थान करने की तिथि अर्थात दिनांक 01.06.2023 से इनका त्याग पत्र स्वीकृत किया जाता है।

Signed by Jai Singh
Date: 13-11-2023 11:01:15

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

प्रतिलिपि :–

1. बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि इनके अधीनस्थ सभी अभिलेख अभिरक्षित कराने का आदेश अपने स्तर से निर्गत करेंगे।
2. श्रीमती शिखा दूबे, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01161), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।
3. श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित सुश्री शिखा की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।